स्वास्थ्य कर्मियों का पदस्थापन

* 84. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत वर्ष 2005-06 में चयनित स्वास्थ्य उप-केन्द्र मानी, कुसुम्हरा, उदयपुर, अमरथा, धवनी आदि का भवन बनकर तैयार रहने के बावजूद भी स्वास्थ्य कर्मियों को पदस्थापित नहीं किया गया है, जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्रों में स्वास्थ्य कर्मियों की पदस्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

ट्रांसफार्मर बदलना

* 85. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत के अधीन नवीनगर प्रखण्डान्तर्गत नावाडीह, उर्दाना, बरवान, बेलाई, इटवां, चिरैली एवं नवीनगर भवानो खाप मोड़ पर अवस्थित ट्रांसफार्मर दो वर्ष पूर्व जल जाने के कारण वहाँ के निवासियों को विद्युत की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, यदि हां, तो सरकार उक्त गांवों में अवस्थित ट्रांसफार्मर को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

भवन का निर्माण

* 86. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (ऐडिशनल पी०एच०सी०), जिहुली एवं बाराशंकर भवनहीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त हॉस्पिटल के लिये जमीन भी उपलब्ध है परन्तु भवन का निर्माण नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाना

* 87. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बेलसंड प्रखंड कार्यालय परिसर में 100 के०वी० का ट्रान्सफार्मर लगा हुआ है परन्तु लो वोल्टेज के कारण कार्यालय का कार्य बाधित रहता है, यदि हां, तो क्या सरकार यहां उच्च क्षमता का ट्रान्सफार्मर स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

प्रक्रिया आसान बनाना

* 88. श्री ललित कुमार यादव--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 29 जनवरी, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''गरीबों के इलाज में बाबूगिरी बन रही बाधा'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य

विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार राशि मिलने में जटिल प्रक्रिया से गरीब मरीज को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो प्रक्रिया आसान बनाने हेतु सरकार कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है?

--------

विद्युत की आपूर्ति

* 89. श्री राहुल कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला में हुलासगंज पावर ग्रीड सब-स्टेशन के निर्माण हेतु ग्राम कन्दौल में जमीन लेकर ग्रीड का निर्माण कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रीड निर्माण के समय अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि कन्दौल ग्राम का विद्युत, ग्रीड से ही दिया जायेगा;

(3) क्या यह बात सही है कि अबतक कन्दौल ग्राम को सीधे ग्रीड से विद्युत की आपूर्ति नहीं हो रही है, जिसके कारण ग्रामीणों में असंतोष है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्रीड सब-स्टेशन हुलासगंज से ही ग्राम कन्दौल के विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति कराने का विचार रखती है?

--------

चिकित्सा सुविधा बढ़ाना

* 90. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत सरसी प्रा०स्वा० केन्द्र, खगहा रूपसपुर अति०प्रा०स्वा० केन्द्र, रंगपूरा अति०प्रा०स्वा० केन्द्र, विशुनपुर प्रा० स्वा० केन्द्र, काझा अति०प्रा०स्वा० केन्द्र में पर्याप्त डॉक्टर तथा चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है, यदि हां, तो इसे ठीक करने हेतु सरकार कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है?

--------

पावर ग्रीड का निर्माण

* 91. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत पीरो प्रखण्ड पीरो से पावर ग्रीड लगभग 40 कि०मी० की दूरी पर अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि पावर ग्रीड की लम्बाई अधिक रहने के कारण विद्युत आपूर्ति में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीरो में पावर ग्रीड निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

ट्रांसफार्मर लगाना

* 92. श्री संतोष कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के अधीन कंकड़बाग स्थित पूर्वी रामकृष्ण नगर दें

सोरंगपुर में वर्तमान में बिहार राज्य विद्युत बोर्ड के द्वारा कम पावर के ट्रांसफार्मर एवं तार जर्जर होने के कारण प्रतिदिन छः घंटा विद्युत बाधित रहता है;

(2) क्या यह बात सही है कि जनवरी, 2010 में वहां के निवासियों द्वारा अधीक्षण एवं कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल कंकड़बाग को एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने का अनुरोध किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर एवं नये तार लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

विद्युतीकरण कराना

* 93. श्री शालिग्राम यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी प्रखण्ड के पिपरौन गांव के टोला परसा एवं दिघिया टोले में अभीतक विद्युतीकरण का काम नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार परसा तथा दिघिया टोले में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

विकास गति बढ़ाना

* 94. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 अप्रील, 2010 को प्रकाशित शीर्षक ''सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम की हालत चिन्ताजनक'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2006 से नेपाल राज्य से लगने वाले 7 जिलों के 31 प्रखंडों के विकास के लिए कुल-66 करोड़ राशि आवंटित की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि नेपाल से सीमावर्ती जिला वर्ष 2006 से 2010 के बीच क्रमशः मधुबनी में 9.77, अररिया में 7.42, सुपौल में 24.88, सीतामढ़ी में 9.33, प० चम्पारण में 27.18, पूर्वी चम्पारण में 8.88, एवं किशनगंज में 40.01 प्रतिशत 4 राशि खर्च हो पायी है;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2006 से 2010 तक की अवधि में उक्त जिला द्वारा भेजा गद. योजना क्रमशः सीतामढ़ी का 84 योजना, मधुबनी का 56 योजना, अररिया का 58, पश्चिम चम्पारण का 153 एवं पूर्वी चम्पारण का 29 योजना स्वीकृति के लिए विभाग में लंबित है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीमावर्ती जिलों के विकास की गति बढ़ाने हेतु कौन-सी कारगर कदम उठाने का विचार रखती है?

--------

ट्रांसफार्मर लगाना

* 95. श्री राम लषण राम रमण--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखंड की गंगद्धार पंचायत में ट्रांसफार्मर की क्षमता कम होने के वजह से विद्युत आपूर्ति में बाधा होती है यदि हां, तो सरकार अधिक क्षमता वाला ट्रांसफार्मर कबतक लगाना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों?

बिजली की आपूर्ति

*96. श्रीमती गुड्डी देवी— क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के तिलकताजपुर, गिधा फुलवरिया, खड़का आदि पंचायत में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत 3 वर्ष पूर्व बिजली का तार, पोल लगा दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में पोल एवं बिजली का तार लगाने के बाद भी अभीतक बिजली की आपूर्ति नहीं होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में बिजली की आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

-----------

शक्तिशाली ट्रान्सफॉर्मर लगाना

*97. श्री सदानन्द सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला विद्युत सब-स्टेशन 33/11 के०भी०ए० में मात्र 3.5 एम०भी०ए० का ट्रान्सफॉर्मर लगा है जबकि इस विद्युत सब-स्टेशन पर विद्युत लोड इससे अधिक है, यदि हां, तो क्या सरकार क्षमता के अनुसार अधिक शक्तिशाली ट्रान्सफॉर्मर लगाने का विचार रखती है?

-----------

अतिरिक्त ट्रान्सफॉर्मर लगाना

*98. श्रीमती लेशी सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के धमदाहा प्रखंड अधीन मीरगंज पावर सब-स्टेशन में 3 एम०भी०ए० का ट्रान्सफॉर्मर रहने के कारण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि मीरगंज पावर सब-स्टेशन से धमदाहा तथा बी० कोठी समेत भवानीपुर प्रखंडों के कुछ हिस्से में विद्युत आपूर्ति किया जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मीरगंज पावर सब-स्टेशन में ज्यादा क्षमता का अतिरिक्त ट्रान्सफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

-----------

आयुष चिकित्सकों की वेतन बढ़ोतरी

*99. श्री अवनीश कुमार सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नेशनल रूरल हेल्थ मिशन द्वारा अनुबंध पर नियुक्त एलोपैथिक एवं आयुष चिकित्सकों को एक समान 35,000 रुपये प्रतिमाह वेतन देने के लिए राज्य सरकार को राशि अप्रैल, 2010 में ही भेज दी है परन्तु राज्य सरकार द्वारा एलोपैथिक चिकित्सकों को 35,000 रुपये तथा आयुष चिकित्सकों को मात्र 15,000 रुपये प्रतिमाह दिया जा रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार नेशनल रूरल हेल्थ मिशन द्वारा निधारित मापदंड एवं निर्गत राशि के अनुरूप आयुष चिकित्सकों को भी 35,000 रुपये प्रतिमाह वेतन देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

जले ट्रान्सफॉर्मर को बदलना

*100. श्री नौशाद आलम— क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत प्रखंड ठाकुरगंज में 25 एवं 16 के०भी०ए० का ट्रान्सफार्मर विगत दो महीने से जला पड़ा है;

(2) क्या यह बात सही है कि ट्रान्सफार्मर के अभाव में विद्युत आपूर्ति बाधित है जिसके कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक ट्रान्सफॉर्मर बदलकर विद्युत आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

---

तार बदलना

*101. श्री जनार्दन मांझी— क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अमरपुर विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत शंभुगंज प्रखंड एवं अमरपुर प्रखंड में विद्युत आपूर्ति तार काफी पुराना एवं जर्जर हो गया है;

(2) यदि उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित प्रखंडों में विद्युत जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

विकसित करना

*102. डॉ० फैयाज अहमद— क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णयानुसार प्रतिवर्ष विद्यापति स्मृति एवं राजकीय समारोह के रूप में मनाया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यापति की जन्मस्थली मधुबनी जिला के प्रखंड बिस्फी स्थित विद्यापति डीह में प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में वृहत मेले का आयोजन होता है;

(3) क्या यह बात सही है कि अमरनाथ (जम्मू-कश्मीर) की तरह विद्यापति डीह में श्रावण मास के प्रथम दिन को भू-गर्भ से गंगा जल का स्रोत आपरूपी उत्पन्न होकर धीरे-धीरे श्रावण मास के अंतिम दिन समाप्त होता है जो धार्मिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्यापति स्मृति पर्व समारोह राजकीय स्तर पर बिस्फी में मनाने तथा विद्यापति डीह को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

विद्युत प्रमंडल बनाना

*103. श्री महेश पासवान— क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि 10 वर्ष पूर्व कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा विद्युत प्रमंडल को हटाकर कुर्सेला को विद्युत प्रमंडल बना दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युत प्रमंडल कोढ़ा से हटाये जाने पर यहां के विद्युत उपभोक्ता को काफी परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुनः विद्युत प्रमंडल को कोढ़ा में स्थापित करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

पर्याप्त विद्युतापूर्ति करना

*104. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार नगर पंचायत क्षेत्र में तीन जलापूर्ति केन्द्र पिछले तीन वर्षों से पर्याप्त विद्युत् आपूर्ति नहीं होने के कारण बन्द पड़े हैं;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त तीनों केन्द्रों को पर्याप्त विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पर्यटन स्थल के रूप में विकास

*105. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत मधुश्रवा में प्राचीन मंदिर है जो दर्शनीय स्थल है;

(2) क्या यह बात सही है कि वहां विशाल पशु मेला भी लगता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधुश्रवा को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*106. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बरौली प्रखण्ड के ग्राम पंचायत सदौवा एवं हसनपुर पंचायत में स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन पूर्णत: क्षतिग्रस्त है जिससे स्वास्थ्य सेवा पूर्णत: बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार सदौवा एवं हसनपुर स्वास्थ्य उप-केन्द्र के क्षतिग्रस्त भवन बनवाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण करना

*107. श्री अख्तरूल ईमान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में कुल 802 गांव (रेवेन्यु विलेज) है, जिसमें से 193 गांव का विद्युतीकरण अबतक नहीं हो सका है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

भवन की मरम्मती कराना

*108. श्री शैलेश कुमार --क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत खड़गपुर प्रखण्ड के मुजफ्फरगंज पंचायत में स्वास्थ्य विभाग का मकान मरम्मती के अभाव में जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त भवन की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् तार बदलना

*109. श्री सतीश चन्द्र दुबे--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज अनुमण्डल में विद्युत् सप्लाई तार 70 वर्ष पुराने, जर्जर हालात में हैं, इनके बार-बार टूटने से बिजली घंटों बाधित रहती है यदि हां, तो क्या सरकार उक्त वर्णित अनुमण्डल के जर्जर टूटे तार को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटन सूची में शामिल करना

*110. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के मैसकौर प्रखण्ड में शाहबाजपुर पंचायत में सीतामढ़ी नामक गांव धार्मिक स्थल के रूप में प्रसिद्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी गांव में हिन्दू धर्म में मान्यता के अनुसार सीता जी का वनवास स्थल रहा है परन्तु अभीतक पर्यटन स्थल के रूप में चिह्नित कर विकसित नहीं किया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों को पर्यटन सूची में शामिल कर उसका विकास करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

एड्स से रोक-थाम

*111. श्री गजानन्द शाही--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में 45 हजार 440 लोग एड्स बीमारी से ग्रसित हैं जिसमें 35 फीसदी महिलायें हैं, यदि हां, तो उनके उपचार एवं बीमारी की रोक-थाम हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

---

व्यवहार न्यायालय की स्थापना

*112. डॉ0 इजहार अहमद--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमण्डल का 19 वर्ष स्थापना के हो गये हैं, लेकिन आजतक व्यवहार न्यायालय की स्थापना नहीं हुई है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाना

*113. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्डान्तर्गत ग्राम-केरवार एवं दुल्हा में वर्ल्ड बैंक के सहयोग से स्वास्थ्य उपकेन्द्र का भवन विगत 8 वर्ष से बनकर तैयार है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्मित भवन में अभीतक किसी डॉक्टर या अन्य कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति नहीं की गयी है, जिससे स्थानीय लोग स्वास्थ्य सुविधा से बंचित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित स्थलों पर आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन मुहैया कराना

*114. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के कुन्दह पंचायत अन्तर्गत अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त प्रा० स्वा० केन्द्र को न तो अपना भवन है और ना ही वहाँ कोई डॉक्टर पदस्थापित है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र वर्तमान में सामुदायिक भवन में चलता है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक अतिरिक्त प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र को अपना भवन मुहैया कराने एवं डॉक्टर का नियमित पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कर्मियों की प्रतिनियुक्ति

*115. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत दरौली प्रखंड के ग्राम दोन में रेफरल अस्पताल का भवन 1995 से बना पड़ा है जिसमें एक भी कर्मी प्रतिनियुक्त नहीं है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

पावर ग्रिड चालू करना

*116. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया में पावर ग्रिड बनकर तैयार है;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रिड को चालू नहीं करने से वहां के उपभोक्तओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पावर ग्रिड को चालू करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना

*117. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत उदयपुर जंगल एक मात्र वन प्राणी आश्रयणी है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला मुख्यालय से सटे इस जंगल को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने की आपार सम्भावनाएं हैं, जिसमें प्राकृतिक संरचना से घोड़े को खुर जैसे आकार का एक तालाब है जो मनमोहक दृश्य को दर्शाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उदयपुर जंगल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा

*118. श्री राम बालक सिंह--दिनांक 1 जनवरी, 2011 को पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के शीर्षक "परदेसी पक्षियों के लिए अब सुरक्षित नहीं रहा नालन्दा" की ओर ध्यान करते हुए क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रवासी पक्षियों को राजगीर की वादियों में आकर्षित करने हेतु सरकार प्रयासरत है;

(2) क्या यह बात सही है कि इन प्रवासी पक्षियों में से लगभग 50 फीसदी ही वापस अपने ठिकाने लौट पाते हैं, शेष शिकारियों के जाल में फंस कर जान गवां देते हैं या बाजार में बेच दिये जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा हेतु कारगर कदम उठाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*119. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड के मटियरिया अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र 1986 में माननीय हिदायतुल्लाह खां द्वारा शिलान्यास हुआ, भवन बना परन्तु उद्घाटन होने के पूर्व भवन खण्डहर हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर लगवाना

*120. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि --.

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य अभियंता (ओ एण्ड एम), विद्युत् बोर्ड के पत्रांक 1881, दिनांक 23 सितम्बर, 2010 द्वारा गोपालगंज जिले के बरौली प्रखंड के ग्राम-देवापुर (उपाध्याय टोला), ग्राम-बलहां (खरबनवां) और मांझा प्रखंड के ग्राम-सिपाहखास तथा दानापुर (नवका टोला) में ट्रांसफॉर्मर लगाने का आदेश विद्युत् कार्यपालक अभियंता, गोपालगंज को दिया गया परन्तु आजतक मात्र देवापुर (उपाध्याय टोला) में ट्रांसफॉर्मर लगा है शेष जगहों पर नहीं लगा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बचे स्थलों पर ट्रांसफॉर्मर लगवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

चिकित्सकों का पदस्थापन

*121. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने वर्ष 2009 में निर्णय लिया है कि राज्य के सभी स्वास्थ्य उप-केन्द्रों पर स्थायी रूप से चिकित्सक की नियुक्ति की जायेगी;

(2) क्या यह बात सही है बांका जिलान्तर्गत अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्रों पर स्थायी रूप से डॉक्टर का पदस्थापन नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बांका जिला के अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्रों पर स्थायी रूप से चिकित्सकों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन निर्माण कराना

*122. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नानपुर प्रखण्ड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नानपुर का भवन के निर्माण हेतु विगत वर्ष 92 लाख रुपये आवंटित होने के बावजूद आजतक भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है?

----------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*123. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के पंडौल प्रखण्ड रहिका प्रखण्ड एवं मधुबनी नगर परिषद् के अन्तर्गत 61 ट्रांसफॉर्मर तीन वर्ष से जला हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिए प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा 21 दिसम्बर, 2010 को अध्यक्ष, बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड, पटना को पत्र लिखा गया था;

(3) क्या यह बात सही है कि अध्यक्ष, बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड, पटना ने अपने पत्रांक 2447 (एम), दिनांक 21 दिसम्बर, 2010 जी०एम० दरभंगा को चार दिनों के अन्दर जले हुए ट्रांसफॉर्मर को लगाने का आदेश दिया था परन्तु अभीतक कार्यान्वयन नहीं हुआ है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त जगहों पर ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

----------

विद्युतीकरण कराना

*124. श्री कृष्ण कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2007 में ही गोपालगंज जिला अन्तर्गत भोरे प्रखंड के ग्राम-बनकटा जागीरदारी में विद्युतीकरण हेतु विद्युत् पोल गाड़ा गया था किन्तु उस पर विद्युत् तार नहीं खींचा गया है, जबकि ग्रामीणों द्वारा वर्ष 2007 में ही विद्युत् सम्बन्धन हेतु आवश्यक शुल्क जमा कर दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में दलितों, अतिपिछड़ों एवं पिछड़ों की आबादी शत-प्रतिशत है जो गरीबी रेखा के नीचे के हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि सरकारी नीति के अनुसार उपर्युक्त खण्डों में उल्लिखित आबादी के लिए ग्राम में विद्युतीकरण करने का प्रावधान है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

-----------

विद्युत् फीडर लगाना

*125. श्री सतीशचन्द्र दुबे--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज शहर एवं नरकटियागंज ग्रामीण क्षेत्रों को विद्युत् आपूर्त्ति हेतु केवल एक ही विद्युत् फीडर है, जिससे विद्युत् आपूर्त्ति सही ढ़ंग से नहीं हो पाती है, यदि हां, तो क्या सरकार नरकटियागंज शहर एवं नरकटियागंज ग्रामीण क्षेत्र हेतु अलग-अलग विद्युत् फीडर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण कराना

*126. श्री व्यासदेव प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि श्री वी० एम० अग्रवाल, मुख्य अभियंता (ग्राम०वि०), बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड, पटना अपने पत्रांक 944, दिनांक 29 मार्च, 2010 के द्वारा उप-महाप्रबन्धक, पावर ग्रीड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि०, अलंकार पैलेस, द्वितीय तल बोरिंग रोड, पटना को सीवान जिला के ग्राम-चकरा व बांसोपाली प्रखण्ड सीवान एवं ग्राम-बदरजीमी प्र०-बड़हरिया का विद्युतीकरण राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत कार्य संपादन कराने का आग्रह किया था;

(2) क्या यह बात सही है कि पावर ग्रीड कारपोरेशन ऑफ इण्डिया लि०, पटना के द्वारा उपर्युक्त गांवों का राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत कार्य संपादन कराने का कार्य प्रारम्भ नहीं किया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांवों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---------

तार बदलना

*127. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखण्ड के छपवा से हरसिद्धि तक विद्युत् उप-केन्द्र का तार लगभग 50 वर्ष पूर्व लगा था, जो काफी जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि जर्जर तार के टूटने के कारण जान-माल की क्षति के साथ-साथ विद्युत् आपूर्त्ति बाधित रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तार को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

मरम्मत कराना

*128. श्री शालिग्राम यादव— क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत विशनुपुर गांव में राजकीय अस्पताल है, जिसका निर्माण करीब 30 वर्ष पूर्व में किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त हॉस्पीटल में मरीजों को देखने या जांच करने हेतु कमरे का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा अपूर्ण छोड़ दिया गया जिसके कारण मरीजों को काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रोगी देखने वाला कमरा तथा अन्य क्षतिग्रस्त भागों को मरम्मत कराकर कार्य के लायक बनाना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

रेफरल अस्पताल स्वीकृत करना

*129. श्री रामानन्द राम— क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी प्रखंड स्थित बखरी अनुमंडल परिसर में रेफरल अस्पताल स्वीकृति की सभी प्रक्रियाओं को पूरा करती है;

(2) क्या यह बात सही है कि बखरी अनुमंडल में रेफरल अस्पताल नहीं रहने के कारण आम जनता को चिकित्सा कराने में अत्यधिक कठिनाइयाँ होती हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बखरी अनुमंडल मुख्यालय में रेफरल अस्पताल स्वीकृत कर चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

विद्युत् कनेक्शन देना

*130. श्री महेश पासवान— क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखंड के फुलवरिया पंचायत के नदरा चौकी गांव में पांच वर्ष पूर्व सारी प्रक्रिया पूरा कर उपभोक्ता को विद्युत् कनेक्शन देने हेतु विद्युत् कंज्यूमर बनाया गया था किंतु विद्युत् आपूर्ति प्रारंभ नहीं हुआ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त गांव में ट्रान्सफॉर्मर एवं तार-पोल लगाकर विद्युत् कनेक्शन देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सीटी स्कैन मशीन ठीक कराना

*131. डॉ० इजहार अहमद— स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 31 जनवरी, 2011 को प्रकाशित शीर्षक "मरीज ही नहीं, मशीन भी भगवान भरोसे" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल पी०एम०सी०एच० में सीटी स्कैन मशीन एवं सी-आर्म मशीन सालों से खराब पड़ा हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों मशीन के खराब रहने से सभी जिलों के गरीब मरीज जो हेड इंन्यूरी, पथरी एवं ब्रेन हेमरेज के इलाज हेतु पी०एम०सी०एच० रेफर किये जाते हैं, का इलाज सुचारू रूप से नहीं किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूरे सूबे की गरीब एवं लाचार मरीजों के लिए पी०एम०सी०एच० के सीटी स्कैन और सी-आर्म मशीन को अतिशीघ्र ठीक कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जले ट्रान्सफॉर्मर को बदलना

*132. श्रीमती सुनीता सिंह— क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बेलसंड प्रखंड अन्तर्गत सिरोपट्टी, भंडारी बजार एवं भोरहां गांव का विद्युत् ट्रन्सफॉर्मर वर्ष 2009 से जला हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जले ट्रान्सफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्युतीकरण कराना

*133. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार— क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता प्रखंड के लगार, राका, अरिया तथा गोगरी प्रखंड के गौरैया बथान, धनखतहा, छोटी पसराहा, पैकांत, दोईठा, वीरवास, भीमरी, नवटोलिया, कटघरा, भूरिया आश्रम का आजतक विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त ग्रामों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्युतापूर्ति करना

*134. श्री नौशाद आलम— क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंड अन्तर्गत चेंगा नदी के पूरब तीन पंचायत के गांवों में विगत पांच वर्षों से खम्भे गाड़कर तार लगा दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि गड़े हुए पोल पर आजतक विद्युत् आपूर्ति बहाल नहीं किया गया है, जिससे ग्रामीणों में क्षोभ व्याप्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सखुआडली, पथरिया, कुकुरबाघी तीनों पंचायत में विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

----------

बिजली आपूर्ति करना

*135. श्री कुमार शैलेन्द्र — क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड में डेढ़ वर्ष पूर्व निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन में तथा तीन वर्ष पूर्व निर्मित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय भवन में विद्युत् आपूर्ति अभीतक नहीं किये जाने के कारण क्रमशः मरीजों एवं बालिकाओं को घोर परेशानी हो रही है जबकि विद्युत् संबंधन के लिए आवश्यक कागजात एवं राशि एक वर्ष पूर्व ही बिजली विभाग में जमा करा दिया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बिजली आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्थायी पोल लगाना

*136. श्रीमती पुनम देवी — क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के कुर्जी विद्युत् केन्द्र अन्तर्गत मखदुमपुर दीघा शिवाजी नगर स्थित शिवम क्लासेज के पास पोल सं० के०एन०एस०3/इ/रूट नं० 3 बी० 12130603 के उत्तर दिशा के रहने वाले आवासी (1) श्री नन्दू प्रसाद (2) श्री उमेश्वर ठाकुर (3) श्री हर्षेश बिहारी मिश्र (4) श्रीमती मीना कुमारी (5) श्री अजय कुमार (6) श्री राजू कुमार एवं 10 उपभोक्ता द्वारा बांस गाड़कर विद्युत् तार तानकर अपने घरों में बिजली ले गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि बांस का पोल रहने के कारण हवा के तेज झोकों एवं वर्षात में बांस टूट जाता है एवं विद्युत् तार रास्ते पर गिर जाता है जिसके कारण विद्युत् बाधित तथा आम नागरिकों को विद्युत् स्पर्श लगने एवं जान का खतरा बना रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनता के जीवन रक्षा हेतु झुल रहे तार को हटाकर स्थायी पोल गाड़कर विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पर्यटन स्थल विकसित करना

*137. श्रीमती मुन्नी देवी— क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1)क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर अंचल के शिवपुर घाट पर अमर स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीरकुंवर सिंह द्वारा अंग्रेजों से लड़ते हुए उनकी गोली से जख्मी अपने बांह को स्वयं काटकर गंगा को समर्पित की गयी थी, वीरता का स्मरण कर हजारों पर्यटक प्रतिदिन इस स्थल के दर्शन को आते हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू कराना

*138. श्री अजीत कुमार— क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि एन०टी०पी०सी० के सहयोग से चलने वाला उत्तर बिहार का एक मात्र थर्मल पावर स्टेशन, मुजफ्फरपुर जिला के कांटी गत तीन माह से कोयला, लाईट, डीजल ऑयल के किल्लत के कारण बंद पड़ा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त संस्थान का 47 करोड़ रुपया बिहार राज्य विद्युत् के पास बीते छः माह से बकाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बोर्ड के पास उक्त बकाये राशि का भुगतान कराकर बंद पड़े थर्मल पावर को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चालू करना

*139. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय-क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग , यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत सहार प्रखंड के ग्राम गुलजार में विद्युत् पावर सब-स्टेशन बनकर तैयार है, यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार विद्युत् पावर सब-स्टेशन को चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

चिकित्सक पदस्थापित करना

*140. श्री रामलषण राम रमण-क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखंड की कोइलख पंचायत के कोइलख ग्राम में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक नहीं है, यदि हां, तो सरकार यहां कबतक पूर्णकालिक चिकित्सक को पदस्थापित करने का विचार रखती है ?

-------

दंडात्मक कार्रवाई करना

*141. श्री गजानन्द शाही-क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड ने पेसू समेत राज्य के सभी एरिया बोर्ड को 1 दिसम्बर, 2010 से प्रत्येक सप्ताह प्रतिवेदन देने हेतु परिपत्र निर्गत किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि 70 दिन बीत जाने के बाद भी इस परिपत्र का अनुपालन वांछित है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डिफाल्टर एरिया बोर्ड की पहचान कर दंडात्मक कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

नियुक्ति करना

*142. श्री मंजीत कुमार सिंह-क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के पत्र संख्या 01/ पी०सी०-02/07-1057(1),दिनांक 18 दिसम्बर, 2007 के द्वारा पटना चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में सुपर स्पेशलिस्ट विभाग के रूप में कार्डियोथोरासिक, सर्जरी एवं नेफोलॉजी बिभाग को सबल बनाने हेतु वित्तीय वर्ष 2007-08 में गैर-शैक्षणिक कुल 64 पदों का सृजन किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पद पर नियुक्ति नहीं किये जाने के कारण चिकित्सा में कठिनाई है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पदों पर कबतक नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

------

विद्युत् की आपूर्ति करना

*143 श्री राहुल कुमार-क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के मोदनगंज प्रखंड के ग्राम बन्धुगंज डीह (पासवान टोला) में एक 100 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ट्रांसफॉर्मर से मात्र 10 घर की विद्युत् आपूर्ति हो रही है;

(3) क्या यह बात सही है कि उसी टोला के लगभग 40 घर जो अतिपिछड़ी, दलित परिवार के हैं, को उक्त ट्रांसफॉर्मर से बिजली जलाने से जबरन रोका गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ट्रांसफॉर्मर से वंचित चालीस परिवारों को विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

पावर सब-स्टेशन चालू कराना

*144 श्री कुमार शैलेन्द्र -क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखंड में पावर सब-स्टेशन निर्मित हो जाने के बावजूद मात्र उद्घाटन नहीं हो पाने के कारण नारायणपुर प्रखण्ड के निवासियों को खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता पावर सब-स्टेशन से बिजली आपूर्ति की जा रही है, जिससे काफी परेशानी होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नारायणपुर पावर सब-स्टेशन को चालू करते हुए नारायणपुर प्रखण्ड के निवासियों को बिजली आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां,तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर चालू कराना

*145 श्री सदानन्द सिंह-क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के कहलगांव स्थित 33/11 के०भी०ए० विद्युत् सब-स्टेशन में लगे ट्रांसफॉर्मर की शक्ति कम रहने के कारण बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड आवंटित 12 मेगावाट विद्युत् का लोड सब-स्टेशन नहीं ले पाता है, फलस्वरूप बाधित विद्युत् आपूर्ति होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस कमी को पूरा करने के लिए विद्युत् बोर्ड के द्वारा लगभग छह माह पूर्व 5 एम०भी०ए० का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर भेजा गया था जिसका संबद्धन अभीतक नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त अतिरिक्त 5 एम०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर कबतक कहलगांव विद्युत् सब-स्टेशन में चालू करा दिया जाएगा ?

भवन निर्माण कराना

*146. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के आन्दर प्रखंड के ग्राम आसाव में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र है जहाँ अपना भवन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र के नाम से जमीन पब्लिक के द्वारा उपलब्ध करायी गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

क्षमता बढ़ाना

*147. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल बाजार को 200 के० भी० का ट्रांसफॉर्मर तीन महीना के अन्दर 800 सौ से ऊपर कनेक्शन रहने के कारण दो बार जल गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

रिक्त पदों को भरना

*148. श्री अख्तरूल ईमान--क्या मंत्री, सवास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है की वर्तमान में राज्य के अस्पतालों में डॉक्टरों के 8000 पद स्वीकृत हैं जिसके विरुद्ध केवल 4000 डॉक्टर पदस्थापित हैं शेष 4000 पद रिक्त हैं, यदि हां, तो सरकार कबतक, रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है ?

---------

पर्यटन स्थल के रूप में विकास

*149. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखंड के ग्राम-बटरदे में अवस्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बटरदे माई के प्रांगण में एक विशाल पोखर है;

(2) क्या यह बात सही है कि बटरदे माई का दर्शन करने के लिए दूर-दराज से हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन आते हैं और इस विशाल पोखर में स्नान करते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल तथा पोखर का सौन्दर्यीकरण कर इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बिजली आपूर्ति कराना

*150. श्रीमती पुनम देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना सदर ब्लॉक के अन्तर्गत नकटा दियारा पंचायत में बिजली की आपूर्ति की व्यवस्था नहीं हो सका है फलस्वरूप आजादी के 62 वर्ष पूरा होने के पश्चात् भी यहाँ के लोग मोमबत्ती एवं लालटेन के माध्यम से जीवन बसर कर रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि कसमर पंचायत से नकटा दियारा की दूरी मात्र 3 किलो मीटर पर ही बिजली आपूर्त्ति हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में बिजली आपूर्त्ति कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

तार बदलना

*151. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के बगाही रामनगर, बेलाही, अथरी, रैणविशुनी, मोरसंड, मानिक चौक (उत्तरी), मानिक चौक (दक्षिण), मानिक चौक (पश्चिमी) एवं प्रेमनगर पंचायत के बिजली के तार विगत 5 वर्षों से जर्जर की स्थिति में है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों के बिजली के तार को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

व्यवहार न्यायालय शुरू कराना

*152. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अभीतक अरवल जिला में व्यवहार न्यायालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि न्यायिक कार्यों के लिए जहानाबाद जाना पड़ता है, जिसकी दूरी बहुत अधिक है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अरवल जिला में व्यवहार न्यायालय का कार्य शुरू कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 25 फरवरी, 2011 (ई०) ।

गिरीश झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

--------

बि०स०मु० (एल०ए०), 118--डी०टी०पी०--450